मार्केटिंग प्रशिक्षण का लाभ उठायें प्रशिक्षणार्थी

शिविर

प्रतिनिधि,लोहरदगा

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और आइआइएम, रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने सोमवार को आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र लोहरदगा में नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रांची के माध्यम से लोहरदगा जिला में स्वयं सहायता समूह, सहकारी समिति के स्वरोजगार से जुड़े सदस्यों को मार्केटिंग (विपणन) कौशल प्रदान करने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि नीति

प्रशिक्षण कार्यक्रम की संबोधित करते डीसी.

आयोग से प्राप्त अवार्ड मनी से जिला के लिए कुछ नया करने की योजना सोच थी. कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें प्रशिक्षण और ऋण प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन उन्हें मार्केटिंग तरीका पता नहीं होने की वजह से उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ता है. हमलोगों ने यह कार्यक्रम तय किया और आइआइएम, रांची से बातचीत की. आइआईएम, रांची यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी केंद्र देगा. जिसमें 10 दिनों तक उत्पादों के मार्केटिंग का तरीका के साथ-साथ कई सारी बातें बतायी जायेगी. उपायुक्त ने सभी 30 प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना किसी संकोच के यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करें. आनेवाले समय में भी जिला प्रशासन की ओर से ऐसे रोजगारन्मोखी कार्यक्रम चलाये जाते रहेंगे. आइआइएम रांची के निदेशक ने कहा कि मार्केटिंग के प्रशिक्षण के लिए यह कार्यक्रम काफी अच्छे तरीके से तैयार किया गया है. जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को कुशल बनाया जायेगा. कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता कुमारी, आइआइएम रांची के प्रोफेसर सत्यम, प्रोफेसर श्वेता झा, पीपीआइए फेलो हेमलता बजाज, पिरामल फाउण्डेशन के सभी सदस्य समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे.

प्रभात खबर
Tue, 12 September 2023
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/73428085